
SSC GD 2022-23
महामैराथन
सभी महत्वपूर्ण प्रशन एक जगह
#10
Mahendra's
दोपहर 03:00 बजे से लगातार

# UPCOMING ONLINE BATCHES

## January 2023

| 04 JAN 2023 | 11 JAN 2023 | 18 JAN 2023 | 25 JAN 2023 |
|---|---|---|---|
| 01:00 PM to 03:00 PM | 10:30 AM to 12:30 PM | 07:30 PM to 09:30 PM | 03:00 PM to 05:00 PM |
| BANK ONLINE LIVE CLASS | BANK ONLINE LIVE CLASS | BANK ONLINE LIVE CLASS | BANK ONLINE LIVE CLASS |
| 08:00 AM to 10:00 AM | 05:30 PM to 07:30 PM | 01:00 PM to 03:00 PM | 07:30 PM to 09:30 PM |
| SSC ONLINE LIVE CLASS | SSC ONLINE LIVE CLASS | SSC ONLINE LIVE CLASS | SSC ONLINE LIVE CLASS |
| BILINGUAL | BILINGUAL | BILINGUAL | BILINGUAL |

**18 JAN 2023**

04:00 PM to 06:00 PM

BANK ONLINE LIVE CLASS

BENGALI

www.mahendras.org • 7052477777/7052577777

# SSC GD 2022-23

H/w Q. The chemical formula of urea is______.

यूरिया का रासायनिक सूत्र क्या है?

S.S.C. ऑनलाइन CHSL (T-I) 24 जनवरी, 2017 (I-पाली)

M.Imp

(a) $(NH_4)_2CO_2$

(b) $(NH_2)\ CO$

(c) $(NH_4)_2\ CO$

(d) $(NH_2)_2\ CO$

- यूरिया एक कार्बनिक यौगिक है, जिसका रासायनिक सूत्र $(NH_2)_2CO$ होता है। यह एक रंगहीन, गंधहीन, सफेद, रवेदार, जहरीला ठोस पदार्थ है। यह स्तनपायी और सरीसृप प्राणियों के मूत्र में पाया जाता है। बड़े पैमाने पर यूरिया का उत्पादन द्रव अमोनिया तथा द्रव कार्बन डाइऑक्साइड की प्रतिक्रिया से होता है। यूरिया का उपयोग मिट्टी की उर्वरक शक्ति तथा पौधे के लिए आवश्यक नत्रजन की मात्रा की पूर्ति करता है। यह प्रयोगशाला में बनाया गया पहला कार्बनिक यौगिक है।
- Urea is an organic compound having the chemical formula $(NH_2)_2CO$ . It is a colourless, odourless, white, resinous, toxic solid. It is found in the urine of mammals and reptiles. Urea is produced on a large scale by the reaction of liquid ammonia and liquid carbon dioxide. The use of urea fulfills the fertilizer power of the soil and the amount of nitrogen required by the plant. It is the first organic compound made in the laboratory.

Q.1 Which of the following is used as anaesthetics?

अनेस्थेटिक्स के रूप निम्नलिखित में से क्या प्रयोग किया जाता है?

S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-1) 1 सितंबर, 2016 (III-पाली)

(a) $N_2$

(b) $N_2O$

(c) $CH_4$

(d) $CO_2$

- नाइट्रस ऑक्साइड ($N_2O$) को हास्य गैस (Laughing Gas) भी कहते हैं। इसे अधिक मात्रा में सूंघने से निश्चेतना अवस्था आ जाती है। इस कारण से यह गैस अनेस्थेटिक्स के रूप में भी प्रयुक्त की जाती है। दंत चिकित्सक नाइट्रस ऑक्साइड गैस का उपयोग दर्द रहित चिकित्सा के लिए करते हैं।
- Nitrous oxide ($N_2O$) is also called laughing gas. By smelling it in excess, unconsciousness comes. For this reason this gas is also used as anaesthetics. Dentists use nitrous oxide gas for painless therapy.

Q.2 Which type of pathogen causes the water-borne disease Typhoid fever?

किस प्रकार का रोगजनक जल जनित रोग टाइफाइड बुखार का कारण बनता है?

S.S.C. ऑनलाइन CHSL (T-I) 30 जनवरी, 2017 (III - पाली)

(a) Algal / शैवालीय

(b) Parasitic /परजीवी

(c) Protozoan / प्रोटोजोआ

(d) Bacterial / बैक्टीरियल



- टाइफॉइड एक जीवाणुजनित या बैक्टीरियल रोग है, जो साल्मोनेला टाइफी (Salmonella typhi) नामक जीवाणु के संक्रमण से होता है।
- Typhoid is a bacterial disease caused by infection with a bacterium called Salmonella typhi.

Q.3 DPT vaccine is categorized as which of the following?

डी.पी.टी. टीका निम्नलिखित में से किस प्रकार का होता है ?

S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-1) 8 सितंबर 2016 (I- पाली)

(a) Anti-viral vaccine/ प्रतिविषाणुक टीका

(b) Anti-protozoan vaccine / प्रति प्रोटोजोअन टीका

(c) Anti-rickettsial vaccine / प्रति रिकेटसिएलटीका

(d) A combined vaccine/एक संयुक्त टीका

Q.4 Which of the following diseases is caused by bacteria?

निम्न में से कौन-सा रोग बैक्टीरिया (जीवाणु) से होता है ?

S.S.C. ऑनलाइन CGL (T-I) 18 अगस्त, 2021 (II- पाली)

(a) Diphtheria/डिप्थीरिया

(b) Zika fever / जीका बुखार

(c) Polio/पोलियो

(d) Rubella / रूबेला

- जीवाणु के कारण होने वाला रोग डिप्थीरिया है। यह कोरीनीबैक्टीरियम डिपथीरी के कारण होता है। यह नाक एवं गले की म्युकस झिल्ली को प्रभावित करता है। इससे प्रायः 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चे तथा 60 वर्ष से अधिक के व्यक्ति ज्यादा प्रभावित होते हैं।
- Diphtheria is a disease caused by bacteria. It is caused by Corynebacterium diphtheriae. It affects the mucous membrane of the nose and throat. Children below 5 years of age and people above 60 years of age are mostly affected by this.

Q.5 Which law of Newton provides a quantitative definition of force? /
न्यूटन का निम्नलिखित में से कौन सा नियम बल की परिमाणात्मक परिभाषा देता है?

S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-1) 12 अप्रैल, 2022 (I- पाली)

CGL

F = m×a

(a) Universal law of gravitation/सार्वत्रिक गुरूत्वाकर्षण का नियम

(b) First law of motion / गति का पहला नियम

(c) Third law of motion/गति का तीसरा नियम

(d) Second law of motion/ गति का दूसरा नियम

- न्यूटन ने गति के तीन नियम और गुरूत्वाकर्षण के सार्वभौमिक नियम को प्रतिपादित किया। गति या त्वरण का दूसरा नियम कहता है कि किसी वस्तु के संवेग में परिवर्तन की दर बल की दिशा में लगाये गये असंतुलित बल के समानुपाती होती है। यह दर्शाता है कि बल, द्रव्यमान (m) और त्वरण (a) के गुणनफल के समानुपाती होता है। [F = Ma]
- बल का SI मात्रक न्यूटन (N) है, जहाँ 1 न्यूटन = $1 kg.m/s^2$
- Newton propounded the three laws of motion and the universal law of gravitation. The second law of motion or acceleration states that the rate of change of momentum of an object is proportional to the unbalanced force applied in the direction of the force. This shows that force is proportional to the product of mass (m) and acceleration (a). [F = Ma]
- The SI unit of force is newton (N), where 1 newton = $1 kg.m/s^2$

Q.6 Which of the following rivers originates from the state of Rajasthan?
निम्न में से कौन-सी नदी का उद्गम स्थल राजस्थान राज्य में है ?


S.S.C. ऑनलाइन CHSL (T-I) 11 अगस्त, 2021 (III- पाली)

(a) Narmada / नर्मदा
(b) Banas / बनास
(c) Chambal / चंबल
(d) Mahi / माही

- बनास नदी राजस्थान, पश्चिमोत्तर भारत में प्रवाहित होने वाली नदी है। चंबल नदी की सहायक नदी बनास अपना संपूर्ण चक्र राजस्थान में ही पूरा करती है। यह नदी उदयपुर जिले के अरावली पर्वत श्रेणियों में कुंभलगढ़ के पास खमनौर की पहाड़ियों से निकलती है।
- The Banas River is a river flowing in Rajasthan, northwestern India. Banas, a tributary of Chambal river, completes its entire cycle in Rajasthan only. The river rises in the hills of Khamnore near Kumbhalgarh in the Aravalli mountain ranges of Udaipur district.

# चम्बल नदी अपवाह क्षेत्र

जलप्रताप
चूलिया,
झाड़ीडाहा,
पातालपानी,
टिन्चा,
हव्यारी
खोह,
बामनिया,
मोहादी
,शीतला
खोह
जोगी भड़क




हिंगोरिया
तारवाजी
जलप्रपात

सहायक नदी :- क्षिप्रा, कालीसिंध, कूनो, क्वांरी, सिंध, बनास

Q.7 The rivers Damodar, Brahmani and Kharkai originate from the______ state of in India.

दामोदर, ब्राह्मणी और खरकई नदियों का उद्गम स्थल भारत के किस राज्य में है ?

S.S.C. ऑनलाइन CHSL (T-I) 11 अगस्त, 2021 (III- पाली)

(a) Madhya Pradesh/मध्य प्रदेश

(b) Chhattisgarh/छत्तीसगढ़

(c) Haryana / हरियाणा

(d) Jharkhand/झारखंड

- दामोदर, ब्राह्मणी और खरकई नदियों का उद्गम स्थल भारत के झारखंड राज्य में है। दामोदर नदी झारखंड के छोटानागपुर क्षेत्र से निकलती है।
- Damodar, Brahmani and Kharkai rivers have their origin in Jharkhand state of India. The Damodar River originates from the Chhotanagpur region of Jharkhand.



Sabarmati
Mahi
Parbati
MADHYA PRADESH
Son
JHARKHAND
Damodar
Ganges
TRIPURA
MYANMAR
GUJARAT
Narmada
Tapi
Wainganga
Mahanadi
Brahmani
Subarnarekha
Daman & Diu
DADRA & NAGAR HAVELI
MAHARASHTRA
Godavari
CHHATTISGARH
Tel
(ODISHA) ORISSA
Arabian Sea
Bhima
Indravati
Bay of Bengal
TELANGANA
Krishna
Krishna
Godavari
Puducherry
GOA
Tungabhadra
Penner
ANDHRA PRADESH
KARNATAKA
Palar
Cauveri
Ponnaiyar
Kollidam
Puducherry
LAKSHADWEEP (INDIA)
KERALA
TAMIL NADU
ANDAMAN & NICOBAR ISLANDS (INDIA)
SRI LANKA
International Boundary
State Boundary
Rivers
Map not to Scale

Q.8 The tree species most commonly used in social forestry is-
समाज-वानिकी में प्रयुक्त सर्वसामान्य वृक्ष प्रजाति क्या है?

S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-I) 30 अगस्त, 2016 (III - पाली)

(a) Peepal / पीपल

(b) Gulmohar / गुलमोहर

(c) Eucalyptus / यूकेलिप्टस

(d) Mango / आम

- वर्ष 1976 में राष्ट्रीय कृषि आयोग ने ईंधन, चारा, लकड़ी और छोटे-मोटे वन उत्पादों की पूर्ति करने वाले पेड़ लगाने के कार्यक्रम के लिए 'सामाजिक वानिकी' शब्द प्रयोग किया था। सामाजिक वानिकी में प्रयुक्त होने वाला सर्वमान्य वृक्ष प्रजाति यूकेलिप्टस है, जिसे 'सफेदा' भी कहा जाता है। लेकिन वर्तमान में इसके द्वारा स्थलीय जल स्रोतों पर पड़ने वाले बुरे प्रभाव के कारण पारिस्थितिकीय 'आतंकवादी' शब्द का प्रयोग किया जा रहा है।

- In 1976, the National Commission on Agriculture coined the term 'social forestry' to describe a program of tree planting that supplies fuel, fodder, timber and minor forest products. The most popular tree species used in social forestry is Eucalyptus, also known as 'Safeda'. But at present, the term ecological 'terrorist' is being used due to its bad effect on terrestrial water sources.

Q.9 Ozone saves the biosphere by absorbing high energy radiations called___.
ओजोन जिन शक्तिशाली विकिरणों को सोख कर जीवमंडल को सुरक्षा प्रदान करती हैं, उन्हें क्या कहते हैं?

S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-I) 30 अगस्त, 2016 (II- पाली)

(a) Infrared (IR) / इन्फ्रारैड

(b) Gamma rays/गामा किरणें

(c) Ultraviolet rays (UV)/अल्ट्रा-वायलेट किरणें

(d) X-rays / एक्स रेज़

- ओजोन परत पृथ्वी के वायुमंडल के समताप मंडल क्षेत्र में स्थित एक आवरण है, जिसमें ओजोन गैस (O) की सघनता अपेक्षाकृत अधिक होती है। इस मंडल में उपस्थित ओजोन परत पृथ्वी को सूर्य की पराबैंगनी किरणों (अल्ट्रा वायलेट किरणें) से बचाता है।
- The ozone layer is a cover located in the stratospheric region of the Earth's atmosphere, in which the concentration of ozone gas (O) is relatively high. The ozone layer present in this layer protects the earth from the sun's ultraviolet rays (ultra violet rays).

Q.10 The base financial year for the calculation of the all India Index of Industrial Production (IIP) :

अखिल भारतीय औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (IIP) की गणना के लिए आधार वित्त वर्ष क्या है?

S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-1) 7 जून, 2019 (III- पाली)

(a) 2010-2011

(b) 2005-2006

(c) 2004-2005

(d) 2011-2012

- अखिल भारतीय औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (IIP) की गणना के लिए आधार वित्त वर्ष 2011-2012 है।
- The base financial year for calculation of All India Index of Industrial Production (IIP) is 2011-2012.

Q.11 In the Battle of Swally (1612) the British fought against the______.

अंग्रेजों ने स्वाली का युद्ध किसके खिलाफ लड़ा था?

SSC CHSL (T-1) 06 अगस्त 2021 (I-पाली)

(a) French/ फ्रेंच

(b) Dutch /डच

(c) Danish /डेनिश

(d) Portuguese/पुर्तगाली

- स्वाली की लड़ाई, जिसे सुवाली के युद्ध के रूप में भी जाना जाता है, 29 से 30 नवंबर 1612 को हुई थी। यह एक नौसैनिक युद्ध था जो भारत के गुजरात के सूरत शहर के पास एक गाँव सुवाली के तट पर लड़ा गया था। यह पुर्तगालियों पर ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी की जीत थी।
- The Battle of Swali, also known as the Battle of Suvali, took place on 29 to 30 November 1612. It was a naval battle fought off the coast of Suvali, a village near the city of Surat in Gujarat, India. It was a victory of the British East India Company over the Portuguese.

Q.12 Where in India was the first French factory established?

भारत में पहली फ्रेंच फैक्टरी कहां स्थापित की गई थी ?

S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-I) 31 अगस्त, 2016 (III- पाली)

(a) Surat/ सूरत

(b) Pondicherry / पांडिचेरी

(c) Chandannagore/ चंदन नागोर

(d) Masulipatnam/मसूलीपट्टनम

- फ्रांस के राजा लुई चौदहवें के मंत्री कॉल्बर्ट द्वारा 1664 ई. में फ्रेंच ईस्ट इंडिया कंपनी की स्थापना हुई, जिसे 'कंपनी देस इंदेस ओरियंटलेस' कहा गया। 1667 ई. में फ्रांसिस कैरो के नेतृत्व में एक अभियान दल भारत के लिए रवाना हुआ, जिसने 1668 ई. में सूरत में अपने पहले व्यापारिक कारखाने की स्थापना की। 1669 ई. में मसूलीपट्टनम में दूसरी फ्रांसीसी कोठी स्थापित की गई।
- The French East India Company was established in 1664 AD by Colbert, the minister of King Louis XIV of France, which was called 'Company des Indes Orientales'. In 1667 AD, an expedition led by Francis Caro left for India, who established his first trading factory in Surat in 1668 AD. In 1669, a second French colony was established at Masulipatnam.

Q.13 Which one of the following is a good electrical conductor?

निम्नलिखित में से कौन-सा अच्छा विद्युत चालक है?

S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-I) 7 सितंबर, 2016 (II-पाली)

(a) Graphite / ग्रेफाइट

(b) Diamond / हीरा

(c) Peat / पीट

(d) Charcoal/ लकड़ी का कोयला

- जिन पदार्थों की विद्युत प्रतिरोधकता अति निम्न होती है उन्हें सुचालक के रूप में जाना जाता है। चांदी विद्युत की सर्वोत्तम सुचालक है।
- The substances which have very low electrical resistivity are known as good conductors. Silver is the best conductor of electricity.

Q.14 Who determines the rank and membership of the Union Council of Ministers?
केंद्रीय मंत्रिपरिषद का पद और सदस्यता कौन निर्धारित करता है?

S.S.C. ऑनलाइन स्टेनोग्राफर, 14 सितंबर, 2017 (I-पाली)

(a) Home Minister/ गृह मंत्री

(b) Ruling party president/शासक दल के अध्यक्ष

(c) President of India/भारत के राष्ट्रपति

(d) Vice president/उपराष्ट्रपति

Q.15 Deficiency of Thiamine results in________.

थायमिन की कमी से ________ होता है।

S.S.C. ऑनलाइन CHSL (T-I) 16 अक्टूबर, 2020 ( II पाली)

(a) Rickets / रिकेट्स

(b) Pellagra / पेलाग्रा

(c) Scurvy / स्कर्वी

(d) Beriberi / बेरी-बेरी

- थायमिन (Thiamin) को विटामिन $B_1$ भी कहते हैं। विटामिन $B_1$ (Thiamin) की कमी से मनुष्यों में बेरी-बेरी नामक रोग हो जाता है। इसके कारण व्यक्ति अत्यंत कमजोरी महसूस करता है। इसके कारण मस्तिष्क, हृदय आदि की क्रिया शिथिल पड़ जाती है। तंत्रिका तंत्र कमजोर पड़ता है।
- Thiamin is also called vitamin $B_1$. Deficiency of Vitamin $B_1$ (Thiamin) causes a disease called Beri-Beri in humans. Due to this the person feels very weak. Due to this the functioning of the brain, heart etc. The nervous system weakens.

Q.16 Who was the first Indian Governor-General of Independent India?

स्वतंत्र भारत के प्रथम भारतीय गवर्नर जनरल कौन थे ?

S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-I) 6 सितंबर, 2016 (II-पाली)

(a) Rajendra Prasad / राजेंद्र प्रसाद

(b) C. Rajagopalachari / सी. राजगोपालाचारी

(c) A. Kriplani / ए. कृपलानी

(d) Lord Mountbatten / लॉर्ड माउंटबेटन

- स्वतंत्र भारत के प्रथम गवर्नर जनरल लॉर्ड माउंटबेटन थे, जबकि स्वतंत्र भारत के दूसरे और प्रथम भारतीय गवर्नर जनरल सी. राजगोपालाचारी (1948-50 ई.) थे। भारतीय संविधान 26 जनवरी, 1950 को लागू हुआ, तभी गवर्नर जनरल का पद समाप्त करके डॉ. राजेंद्र प्रसाद को भारत का प्रथम राष्ट्रपति नियुक्त किया गया।
- The first Governor General of independent India was Lord Mountbatten, while the second and first Indian Governor General of independent India was C. Rajagopalachari (1948–50 AD). The Indian Constitution came into force on January 26, 1950, when the post of Governor General was abolished and Dr. Rajendra Prasad was appointed the first President of India.

Q.17 In which year did Warren Hastings become the first Governor General of bengal? वॉरेन हेस्टिंग्स किस वर्ष बंगाल के प्रथम गवर्नर जनरल बने थे?

S.S.C. JE मैकेनिकल परीक्षा 27 अक्टूबर, 2020 (I-पाली)

(a) 1770

(b) 1773

(c) 1775

(d) 1780

- रेगुलेटिंग एक्ट 1773 के अनुसार, 'बंगाल के गवर्नर पद का नाम बदलकर 'बंगाल का गवर्नर जनरल' रख दिया गया। बंगाल के पहले गवर्नर जनरल वॉरेन हेस्टिंग्स बने। वस्तुतः भारत के प्रथम गवर्नर जनरल लॉर्ड विलियम बेंटिक थे। 'बंगाल' के प्रथम गवर्नर रॉबर्ट क्लाइव थे तथा अंतिम गवर्नर व प्रथम गवर्नर जनरल वॉरेन हेस्टिंग्स थे।

- By the Regulating Act 1773, the title of 'Governor of Bengal' was changed to 'Governor General of Bengal'. Warren Hastings became the first Governor General of Bengal. In fact, the first Governor General of India was Lord William Bentinck. The first Governor of 'Bengal' was Robert Clive and the last Governor and the first Governor General was Warren Hastings.

Q.18 Who was the Governor-General of Bengal when the Permanent Settlement was introduced there in 1793?

1793 में स्थायी बंदोबस्त प्रस्तावित किया गया था, इस दौरान बंगाल के गवर्नर-जनरल कौन थे ?

S.S.C. ऑनलाइन CHSL (T-I) 10 अगस्त, 2021 (II- पाली)

(a) Warren Hastings/वॉरेन हेस्टिंग्स

(b) Sir John Macpherson/सर जॉन मैकफेर्सन

(c) Sir John Shore/सर जॉन शोर

(d) Lord Cornwallis/लॉर्ड कॉर्नवालिस

- बंगाल के गवर्नर-जनरल लॉर्ड कॉर्नवालिस थे। स्थायी बंदोबस्त के तहत जमींदार भूमि के स्वामी बना दिए गए। स्थायी बंदोबस्त को व्यावहारिक रूप देकर कॉर्नवालिस भारत में जमींदारों का एक शक्तिशाली वर्ग तैयार करना चाहता था।
- The Governor-General of Bengal was Lord Cornwallis. Under the Permanent Settlement, the zamindars were made owners of the land. By giving practical shape to the Permanent Settlement, Cornwallis wanted to create a powerful class of landlords in India.

Q.19 __________renounced his knighthood in protest for Jalianwalla Bagh mass killing.

__________ने जलियांवाला बाग सामूहिक हत्याकांड के विरोध में अपनी नाइटहुड की उपाधि अस्वीकार कर दी थी।

(a) Rabindranath Tagore / रवीन्द्रनाथ टैगोर

(b) Shivajirao Holkar / शिवाजीराव होल्कर

(c) Jamsetjee Jejeebhoy/जमशेतजी जेजीभॉय

(d) Surendranath Banerjee / सुरेंद्रनाथ बनर्जी

- जलियांवाला बाग में एक सार्वजनिक सभा बुलाई गई थी, जहाँ जनरल रेगिनैल्ड एडवर्ड हैरी डायर (R.E.H. Dyer) ने निहत्थी शांतिपूर्ण भीड़ पर गोलियां चलवाकर लगभग 1000 लोगों की हत्या कराई। इस घटना की जांच हेतु ब्रिटिश सरकार ने 'हंटर कमीशन' का गठन किया था। इसी हत्याकांड के विरोध में रवींद्रनाथ टैगोर ने ब्रिटिश सरकार द्वारा प्रदान की गई 'नाइटहुड' की उपाधि लौटा दी थी।
- A public meeting was called at Jallianwala Bagh, where General Reginald Edward Harry Dyer (R.E.H. Dyer) opened fire on an unarmed peaceful crowd, killing about 1000 people. The British Government had constituted the 'Hunter Commission' to investigate this incident. In protest against this massacre, Rabindranath Tagore returned the title of 'Knighthood' conferred by the British Government.

Q.20 How many times national emergency has been implemented in India after independence?
भारत में स्वतंत्रता के बाद कितनी बार राष्ट्रीय आपातकाल लागू हो चुकी है ?

(a) Once/ एक बार

(b) Twice/ दो बार

(c) Three times/ तीन बार

(d) Four times/ चार बार

- अनुच्छेद 352 के अधीन पहली आपातकाल उद्घोषणा वर्ष 1962 में चीन युद्ध के समय, दूसरा पाकिस्तान द्वारा वर्ष 1971 में अघोषित युद्ध में एवं तीसरा आंतरिक अशांति के आधार पर वर्ष 1975 में की गई। ध्यातव्य है कि मूल संविधान के अनुच्छेद 352 के 'आंतरिक अशांति' स्थान पर 44वें संविधान संशोधन (1978) से 'सशस्त्र विद्रोह' प्रतिस्थापित किया गया है।
- The first emergency proclamation under Article 352 was made in the year 1962 during the China war, the second in the year 1971 by Pakistan in the undeclared war and the third in the year 1975 on the basis of internal disturbance. It may be noted that 'Armed rebellion' has been substituted by the 44th Constitutional Amendment (1978) in place of 'Internal Disturbance' in Article 352 of the original Constitution.

Q.21 For what maximum period can the President's rule be extended with the approval of the Parliament every six months?

प्रत्येक छः महीने में संसद की स्वीकृति लेकर राष्ट्रपति शासन अधिकतम कितने समय के लिए बढ़ाया जा सकता है ?

S.S.C. ऑनलाइन C.P.O.S.I. (T-I) 2 जुलाई, 2017 (I-पाली)

(a) Six months/ छः महीने

(b) One year/एक साल

(c) Two years/दो साल

(d) Three years/ तीन साल

- संविधान के अनुच्छेद 356 के अधीन राष्ट्रपति शासन की उद्घोषणा प्रत्येक 6 माह पर पुनः संसद के दोनों सदनों द्वारा पारित होकर अधिकतम 3 वर्ष तक रह सकती है।
- Under Article 356 of the Constitution, the proclamation of President's rule can last for a maximum of 3 years after being passed by both the Houses of the Parliament again every 6 months.

Q.22 Which one of the following Committees is described as the 'twin sister' of the Estimates Committee?

निम्नलिखित में से कौन-सी समिति को प्राक्कलन समिति की 'जुड़वां बहन' कहा जाता है ?

S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-1) 31 अगस्त, 2016 ( II- पाली)

(a) Public Accounts Committee/लोक लेखा समिति

(b) Committee on Public Undertakings / सार्वजनिक उपक्रम समिति

(c) Departmental Standing Committee/विभागीय स्थायी समिति

(d) Privilege Committee / विशेषाधिकार समिति

- लोक लेखा समिति को प्राक्कलन समिति की जुड़वां बहन कहते हैं। संसद के दोनों सदनों के 22 सदस्यों (7 राज्य सभा तथा 15 लोक सभा) से मिलकर लोक लेखा समिति तथा लोक सभा के 30 सदस्यों से मिलकर प्राक्कलन समिति का गठन होता है। लोक लेखा समिति एवं प्राक्कलन समिति का कार्यकाल एक वर्ष का होता है।

- The Public Accounts Committee is called the twin sister of the Estimates Committee. The Public Accounts Committee consisting of 22 members of both the Houses of Parliament (7 Rajya Sabha and 15 Lok Sabha) and the Estimates Committee are formed consisting of 30 members of the Lok Sabha. The tenure of Public Accounts Committee and Estimates Committee is of one year.